## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची सहित राज्य भर में आज होली का त्योहार उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, हजारीबाग में पर्यावरण प्रेमियों ने वृक्षों के साथ मनाई होली।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगो के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
3. राज्य की निचली अदालतों में चली आ रही मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था को समाप्त करने की अधिसूचना को अगले निर्देश तक किया गया स्थगित।
4. अंडर–19 अंतर जिला महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रांची जिला टीम की हुई घोषणा, रांची का पहला मैच रामगढ़ से 17 मार्च को।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य भर में आज होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार रंगों, प्रेम और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जो हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। बिहार झारखंड में होली के त्योहारों का आयोजन सामान्यतः उदया तिथि के अनुसार किया जाता है, और इसी कारण इस वर्ष भी आज होली मनाई जा रही है। इधर होली को लेकर राज्य भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। रांची में भी सभी चौक–चौराहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द से पर्व मनाने की अपील की है।

हजारीबाग के इचाक प्रखंड के छबेलवा वन में इस बार होली का आयोजन अनोखे अंदाज में किया गया। पर्यावरण प्रेमियों ने वृक्षों के साथ पारंपरिक गीत और वाद्ययंत्रों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। इचाक प्रखंड के अंचल पदाधिकारी रामजी गुप्ता ने कहा कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है।

*******************

पाकुड़ जिले में स्थित इस्कॉन मंदिर में गुरु पूर्णिमा और होली धूमधाम से मनायी गयी। कृष्ण भक्तों ने भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की और आरती में हिस्सा लिया। उसके बाद जमकर होली खेली।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रामगढ़ जिला के नेमरा में आयोजित होने वाले बाहा पर्व में सम्मिलित होंगे। इस मौके पर वे जाहेरथान में परांपरिक विधि–विधान से पूजा–अर्चना करेंगे। प्रकृति आधारित इस पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में भी वे मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी।

*******************

राज्य की निचली अदालतों में चली आ रही मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था को समाप्त करने की अधिसूचना को अगले निर्देश तक स्थगित रखने को कहा गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने रांची के न्यायायुक्त समेत राज्य के सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सूचित किया है। जिसमें कहा गया है कि 12 मार्च के आदेश के अनुक्रम में मॉर्निंग कोर्ट की व्यवस्था समाप्त करने के मामले को न्यायालय के अगले निर्देश तक स्थगित रखा जाए।

*******************

चतरा जिले में अब तक 1 लाख 35 हजार 818 महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना की सम्मान राशि प्राप्त हो चुकी है।

*******************

देवघर कोर्ट से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस की तीन सदस्यीय टीम कुंडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार एक युवक को अपने साथ ले गयी। कुंडा थाना क्षेत्र के बांधडीह गांव से गिरफ्तार उस युवक पर 90 हजार रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। इस संबंध में वर्ष 2016 में जम्मू कश्मीर के एक थाने में केस दर्ज किया गया था।

*******************

गिरिडीह जिले के घोडथंबा में होली जुलूस के दौरान कल देर रात दो पक्षों में पथराव की घटना हुई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। भीड़ ने 3 दुकानो को आग के हवाले कर दिया। वहीं, सात मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गईं। जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

*******************

जमशेदपुर के डिमना झील के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जमशेदपुर पुलिस ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 17 मार्च तक हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पांच जिले पलामू, गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने संभावना जतायी है कि 19 और 20 मार्च को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

*******************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर–19 अंतर जिला महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रांची जिला टीम का ऐलान हो गया। रांची का पहला मुकाबला 17 मार्च को बोकारो में रामगढ़ से होगा। टीम 16 मार्च को बोकारो के लिए रवाना होगी। सभी 15 खिलाड़ियों को 16 मार्च को दोपहर 1 बजे रांची रेलवे स्टेशन पर टीम मैनेजर फराह नाज को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

टीम की कप्तानी कुमारी पलक करेंगी, जबकि गर्लिन कौर उपकप्तान होंगी। टीम में प्रियंश्री कुमारी, आकांक्षा टोप्पो, रागनी सिंह, शन्वी शर्मा, अनु कुमारी, पारुल मिश्रा, रिद्धिमा गौतम, साक्षी सिंह, अंशिका सिंह, सानिया थापा, प्रतीक्षा पांडेय, साईं सिंह और रागिनी कुमारी को शामिल किया गया है।

*******************